हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 1 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 एसपी के साथ स्कूली बच्चों ने किया कदम ताल,1800 लोग हुए शामिल





## खबर संक्षेप

### केलो डेम में म्यूजिकल लाइट शो का आयोजन

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर रायगढ़ जिले में उत्सवों की श्रृंखला जारी है। इसी कड़ी में केलो बांध के जल द्वारों में दो दिवसीय म्यूजिकल लाइट शो का भव्य आयोजन किया जा रहा है। सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि यह कार्यक्रम 31 अक्टूबर एवं 1 नवम्बर को प्रतिदिन सायं 6.30 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित होगा। बारिश होने पर समय में बदवाल किया जा सकता है।

### सट्टा-पट्टी लिखते महिला समेत चार सटोरिए पकड़ाए

**रायगढ़।** जुआ-सट्टा विरुद्ध अभियान के तहत कल शाम कोतवाली पुलिस ने शहर के विभिन्न स्थानों पर रेड कार्रवाई कर एक महिला समेत चार सट्टा लिखने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को देर शाम सट्टा पट्टी लिखने की सूचना पर पुलिस टीम ने सर्किट हाउस चौक बीडपारा और जयस्तंभ चौक क्षेत्र में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान सर्किट हाउस चौक के पास पान ठेले के किनारे अनिल देवांगन पिता तीजराम देवांगन उम्र 38 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बोईरदादर रोड रायगढ़ को सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गयाए जिससे 1450 नकद जब्त किया गया। इसी प्रकार बीडपारा रायगढ़ से रजिया बेगम पिता मोह. खलीम उम्र 55 वर्ष निवासी बीडपारा से 780 नकद, सर्किट हाउस चौक के पास संतोष यादव पिता घनश्याम यादव उम्र 34 वर्ष निवासी बोईरदादर मोदी नगर से 1050 नगद और जयस्तंभ चौक के पीछे ठेला संचालक अजय उर्फ अज्जू ठाकुर पिता लाभ सिंह उम्र 34 वर्ष निवासी सोनिया नगर कोतरारोड़ से 1300 नगद व एक वीवो मोबाइल फोन जप्त किया गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली में धारा 6 जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है, आगे भी इस प्रकार कार्रवाई जारी रहेगी।

### लोहे का खंभा सड़क पर छोड़ भागे बिजलीकर्मी

**राउरकेला।** बिसरा शहर के गाढ़ा मोहल्ला क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही के खिलाफ गुरुवार रात लोगों का गुस्सा फूटा। जानकारी के अनुसार विभाग के कर्मचारी इलाके में नए बिजली खंभे लगाने का काम कर रहे थे। दिनभर काम करने के बाद एक बड़ा लोहे का खंभा मुख्य सड़क के बीच में ही छोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात के अंधेरे में राहगीर उस खंभे से टकरा गए, जिससे दो से तीन मामूली दुर्घटनाएं हो गईं। घटना के बाद मोहल्लावासियों में विभाग के प्रति तीखा आक्रोश फैल गया। लोगों ने इसे अत्यंत गैरजिम्मेदाराना हरकत बताया और कहा कि सार्वजनिक सड़क पर भारी लोहे का खंभा छोड़ना गंभीर हादसे को न्योता देने जैसा है। निवासियों ने बिजली विभाग से मांग की है कि तुरंत खंभे को हटाकर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा न हो।

### जिला चिकित्सालय में मेडिसिन विशेषज्ञ की सुविधा, मिलेगा लाभ

**कटेली।** जिले के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में अब जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में मेडिसिन विशेषज्ञ की सुविधा उपलब्ध हो गई है। अस्पताल में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. सुनील पटेल एमडी मेडिसिन की पदस्थापना की गई है। इस सुविधा से सारंगढ़ में मेडिसिन से संबंधित सभी प्रकार का इलाज संभव होगा, जिससे हजारों परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। अब तक जिले के गंभीर रोगों या नियमित परामर्श के लिए रायगढ़ या अन्य बड़े शहरों की ओर जाना पड़ता था। इससे समय की बर्बादी और आर्थिक खर्च दोनों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब सारंगढ़ जिला चिकित्सालय में यह सुविधा मिलने से ग्रामीण अंचलों के परिवारों को भी त्वरित और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिलेगा।

---

ढाई दशक में हमने पूरे किए : हर घर पहुंची बिजली, हर गली हुआ रोशन

# टिमटिमाती चिमनी की लौ से जगमगाती बिजली की रोशनी तक का सफर, छंट गया अंधेरा

■ आज छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छग निर्माण के बाद सफर जब बचपना से शुरु हुआ तो टिमटिमाटे चिमनी की लौ में पग-पग राह नापते हुए आज जगमगाते बिजली की रोशनी तक हम पहुंच गए है। ढाई दशक पहले के दौर में हर राह अंधेरे से होकर गुजरता था, अब दुधिया चकमक रोशनी हर पग पर हमारा स्वागत करती है। आज हर गांव यहां तक कि हर मजरा-टोला का कोना-कोना रोशनी से नहाया नजर आता है। जिले का एक भी गांव ऐसा नहीं है जहां अंधेरा हो। जिले में सन् 2000 में करीब 1457 गांवों तक बिजली तो पहुंची थी, लेकिन गांव रोशन नहीं हुआ था। कारण गांव के बाहर एक खंभा लगा था, लेकिन लाइन नहीं खींची गई थी। धीरे-धीरे बस्ती में खंभे गाड़े और 2025 में जिले का हर गांव रोशन हो चुका है। अब अंधेर का सफर पूरी तरह से छट चुका है।



बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सन् 2000 में रायगढ़ जिले में 220 केव्ही के एक उपकेंद्र की क्षमता केवल 200 एमव्हीए थी। अब यह संख्या दो हो गई है और क्षमता करीब 11 गुना बढ़कर 1046 एमव्हीए तक पहुंच चुकी है। 132 केव्हीए उपकेंद्र की संख्या एक थी, अब 4 हो गई है। उस दौर में इसकी क्षमता 30 एमव्हीए था अब यह 320 एमव्हीए हो चुका है। याने 10 गुना बढ़ गई है। उस वक्त 33/11 की संख्या मात्र 10 थी, अभी 84 हो चुका है। इसी तरह इसकी क्षमता भी बढ़कर 509.45 एमव्हीए हो गई है। 33 केव्ही लाइन की लंबाई उस वक्त सिर्फ 302 किमी था, अब यह 1267.84 किमी तक पहुंच गई। 11 केव्ही लाइन की लंबाई उस समय 1787 किमी था अभी 5883.27 किमी हो चुकी है। इसी तरह निम्नदाब लाइन की लंबाई 2557 किमी था। अब यह 8787.66 किमी तक पहुंच गई है।

#### सवा लाख बढ़े उपभोक्ता

छग निर्माण के समय जिले में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या एक लाख 11 हजार 858 था। अभी यह संख्या 1लाख 19 हजार 138 बढ़कर 2 लाख 30 हजार 996 पहुंच गई है। हर साल उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ रही है। यह उपभोक्ता निम्नदाब वाले है। उच्च दाब वाले उपभोक्ताओं की संख्या पहले 23 था अब 196 हो गए हैं।

#### दुर्गम गांवों में भी उजाला

बिजली पहुंचाने की चुनौती सबसे अधिक धरमजयगढ़ और लैलूंगा ब्लॉक के ऐसे दर्जनों गांव हैं जहां पहुंचना तक मुश्किल होता था। यहां तक भी अभी की स्थिति में बिजली पहुंच गई है। ऐसे कुछ गांवों में जहां काफी दिक्कत होती थी वहां सोलर से रोशन कर दिया गया है। अब वहां भी अंधेरा छट चुका है।

छग निर्माण के समय जो हालात थे उसमें 100 फीसदी सुधार हो चुका है। अभी की स्थिति में ऐसा कोई गांव नहीं जहां बिजली न पहुची हो। कुछ दुर्गम गांव जरुर हैं, लेकिन वहां भी सोलर से बिजली पहुंचाई जा चुकी है।
**गुंजन शर्मा**
सीई रायगढ़।

---

### व्यावसायियों के शिकायत को गंभीरता सें नहीं ले रहें सीएमओ



**बिलाईगढ़।** नगर पंचायत बिलाईगढ़ के वार्ड क्रमांक 5 के व्यवसायियों में भारी आक्रोश है। व्यवसायियों ने सामूहिक रूप से बीते 22 जनवरी को नगर पंचायत सीएमओ से वार्ड क्रमांक 5 स्थित लक्ष्मी होटल संचालक के द्वारा होटल का गंदा पानी एवं सेप्टिक टैंक का ओवरफ्लो पानी निरंतर मुख्य मार्ग पर बहाने की शिकायत की थी। गंदा पानी सड़क पर फैलने से पूरे क्षेत्र में दुर्गंध और संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। सड़क पर लगभग डेढ़ से दो फीट गड्ढे हो चुके हैं। जिससे राहगीरों और वाहनों के लिए गंभीर दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न हो रही है। भारी वाहनों के गुजरने पर गंदे पानी के छींटे राहगीरों पर पड़ रहे हैं। जिससे लोगों का निकलना दूभर हो गया है। व्यवसायियों ने होटल संचालक को कई बार पानी रोकने की समझाइश दी किंतु वह विवाद उत्पन्न करता है।

---

## बकाएदारों के खिलाफ निगम का चालू हुआ अभियान, 12 दुकानों को किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम की टीम द्वारा बकाएदारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान से हड़कंप मचा हुआ है। शुक्रवार को सदर बाजार स्थित दुकानों में दबिश दी गई। इस दौरान करीब 12 दुकानों को जहां सील की गई है। वहीं करीब 5 लाख की वसूली भी हुई है।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि सदर हटरी के दुकान क्रमांक 47, 48, 54, 49, 50, 51, 52, 58, 63, 67, 85 व 86 को सील कर दिया गया है। नगर निगम में पदभार ग्रहण करने के बाद राजस्व अधिकारी प्रदीप मिश्रा ने निगम आयुक्त के निर्देशन में राजस्व की वसूली तेज कर दी है। शहर में निगम के बकाएदारों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है।




लंबे समय से व्यापारी निगम का किराया जमा नहीं कर रहे हैं। ऐसे में निगम को राजस्व का नुकसान हो रहा है। आयुक्त के निर्देश पर राजस्व अधिकारी प्रदीप मिश्रा ने वसूली के लिए टीम गठित की है। यह टीम रोजाना वसूली की कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में सदर बाजार में वसूली कार्रवाई राजस्व विभाग की टीम द्वारा किया गया जिसमे दुकान प्रभारी, राजस्व निरीक्षक देवेश चंदेल, मकरध्वज मालाकार, नागेंद्र सिंह, आशुतोष एव शिवकुमारी आदि कार्रवाई में शामिल थे।

**खास बात**
■ सदर बाजार में निगम टीम की दबिश, 5 लाख हुई राजस्व वसूली

---

## ओड़िशा से 50 लाख के ढाई क्विंटल गांजे की तस्करी घरघोड़ा-लैलूंगा मुख्य मार्ग में पकड़ा गया तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गुरुवार की देर रात घरघोड़ा पुलिस ने ओड़िशा से गांजा की तस्करी करने वाले आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा है। आरोपी अपनी कार में गांजा भर कर ला रहा था। कार में करीब ढाई क्विंटल गांजा था। गांजा के साथ कार और मोबाइल जब्त कर लिया है।

गुरुवार की देर रात ओड़िशा से गांजा तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद घरघोड़ा, लैलूंगा मुख्य मार्ग पर घेराबंदी कर पुलिस टीम ने एक हुंडई कार में गांजा तस्करी कर रहे युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान संतोष दास पिता बुधराम दास उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम चीताबहार थाना दरिमा, जिला सरगुजा के रूप में हुई है। कार की तलाशी ली गई तो उसमें एक-एक किलो के 250 पैकेट गांजा कुल वजन 257.5 किलोग्राम बरामद हुआ। इसकी अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपी से तस्करी में प्रयुक्त हुंडई कार क्रमांक सीजी.29 एएस 2077 जिसकी कीमत लगभग 8 लाख और एक मोबाइल कीमत 10 हजार को भी जब्त किया गया। आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को तस्करी नेटवर्क से संबंधित कई अहम जानकारियां भी मिली है। बताया गया कि ओड़िशा कार में गांजा परिवहन की सूचना पुलिस को मिली थी। इसके बाद साइबर सेल, घरघोड़ा थाना और पूंजीपथरा पुलिस के साथ साझा कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी घरघोड़ा की टीम ने सतर्कता बरतते हुए मुख्य मार्ग पर घेराबंदी की और संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी। इसमें भारी मात्रा में गांजा भरा था। घरघोड़ा पुलिस द्वारा आरोपी संतोष दास को गिरफ्तार कर धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



करीब 58 लाख की संपत्ति बरामद, आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत की कार्रवाई

---

## गन्ने के मंडप में होगा तुलसी शालिग्राम विवाह, आज से होंगे मांगलिक कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आज देवउठनी एकादशी के मौके पर गन्ने की मंडप में तुलसी शालिग्राम विवाह होगा। इसकी तैयारी लोगे पहले से करते हैं। इसके लिए शहर के चौक-चौराहों में गन्ने का बाजार सज गया है। साथ ही पूजा में उपयोग होने वाला लाल कंद और अन्य फलों की बिक्री भी जोरों पर हो रही है। हालांकि फलों की महंगाई भी काफी है, लेकिन पूजा के लिए लेना भी जरुरी है। दूसरी ओर आज से मांगलिक कार्य भी शुरु हो जाएगा। इसके बाद शादी-विवाह के लिए मुहूर्त चालू हो जाएगा।

गन्ने के मंडप में तुलसी शालिग्राम का विवाह एक धार्मिक परंपरा है। जो देवउठनी एकादशी के दिन मनाई जाती है। इसमें तुलसी के गमले और शालिग्राम की मूर्ति को गन्ने की मंडप में रखी जाती है। इसके बाद विवाह की रस्में पूरी की जाती है। दरअसल गन्ने का मंडप बनाना प्रकृति और संपन्नता का प्रतीक माना जाता है। इसके लिए शहर में गन्ने का बाजार दो दिन पहले से ही आना चालू हो गया था। अधिकांश गन्ना सरगुजा अंबिकापुर और पुसौर एरिया से आता है। यहां गन्ने की खेती ज्यादा होती है। इसके साथ ही मुख्य रुप से कंद का उपयोग होता है। इसकी बिक्री भी जोरों पर हो रही है। कंद, चना भाजी समेत कुछ अन्य फल प्रमुख रुप से इस पूजा में उपयोग किया जाता है।



#### तिथि को लेकर असमंजस

देवउठनी एकादशी की तिथि को लेकर भी असमंजस की स्थिति है। कोई एक तो कोई दो नवंबर को मनाने की बात कह रहे हैं। पंडितों की मानें तो दोनो दिन मनाया जा सकता है। मुहूर्त के हिसाब से एक नवंबर को सुबह से दो नवंबर के करीब नौ बजे तक मुहूर्त होने की बात कही जा रही है।

---

## छाल रेंज के औरानारा में मादा हाथी शावक की कीचड़ में डूबने से मौत, हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हरिभूमि की खबर पर हाईकोर्ट ने फिर संज्ञान लिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार के साथ ही बिजली विभागए वन विभागए वन और जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण विभाग को नोटिस जारी करके जवाब मांगा था। दरअसल हरिभूमि ने रायगढ़ क्षेत्र में तालाब में अटखेलियां करते मादा हाथी शावक कीचड में फंसा, पानी में डूबकर मौत के साथ ही 10 माह में 6 हाथी शावकों ने इसी तरह गंवाई जान हेडिंग के साथ दो दिन पहले खबर प्रकाशित की थी। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए कहा है कि सरकार को इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए पर्याप्त कदम उठाने चाहिए। इसके लिए निरीक्षण, निगरानी और त्वरित उपचारात्मक कदम उठाए जाने होंगे। कोर्ट की नोटिस के बाद राज्य सरकार की ओर से मामले में शुक्रवार को हलफनामा पेश किया गया। इसमें बताया गया कि राज्य सरकार के अधिकारी कोर्ट को आश्वस्त करते हैं कि निकट भविष्य में ऐसी किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे। शुक्रवार को प्रबंध निदेशक, सीएसपीडीसीएल और प्रबंध निदेशक, सीएसपीडीसीएल ने भी अपना हलफनामा दायर किया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इस बात पर नाराजगी जताई कि वन विभाग के पास ऐसे जल निकायों की व्यवस्थित निगरानी और जोखिम.मानचित्रण तंत्र का अभाव है। क्षेत्रीय कर्मचारीए विशेष रूप से बीट और रेंज स्तर परए अक्सर अपर्याप्त संसाधनों के साथ ऐसी आपात स्थितियों पर तुरंत प्रतिक्रिया देने में असमर्थ होते हैं। कोर्ट ने हाथियों के बच्चों की बार.बार होने वाली मौतें वन्यजीव संरक्षण प्रयासों में एक दुखद कमी को उजागर करती हैं।


10 माह में 6 हाथी शावकों ने इसी तरह गंवाई जान, हादसा रोकने विभाग के पास नहीं कोई उपाय
पानी में डूबकर मादा शावक की मौत, आधी रात शोक मनाने पहुंचा हाथियों का दल

#### तीन डॉक्टरों की टीम ने किया पीएम

गौरतलब है कि धरमजयगढ़ वन मंडल के तहत आने वाले छाल रेंज के औरानारा परिसर में झुंड के साथ तालाब में अटेखलियां करती 7 माह की मादा हाथी शावक की कीचड़ में फंसने से मौत हो गई थी। पिछले 10 माह में जिले में इस तरह की घटनाओं में 6 हाथी शावकों ने अपनी जान गंवाई है। विभाग और एक्सपर्ट बताते हैं कि ऐसे हादसों को रोकने का कोई उपाय ही नहीं है। हरिभूमि ने इस खबर को प्रकाशित करते हुए अधिकारियों की लापरवाही को उठाया था। हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए इसे गंभीर माना है। धरमजयगढ़ वन मंडल के डीएफओ जितेन्द्र उपाध्याय के मुताबिक जिला स्तर से तीन वेटनरी डॉक्टरों की टीम बनाकर पीएम कर सैंपल लिया गया और फिर अंतिम संस्कार किया गया।

---

4 नवंबर से घर-घर करेंगे सर्वे, 12 राज्यों की पहली सूची में छत्तीसगढ़ भी शामिल

# 21 साल बाद एसआईआर, 1153 बीएलओ 20 एईआरओ जाएंगे घर-घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

निर्वाचन आयोग ने 21 साल बाद फिर से एसआईआर की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। जिसके तहत 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में एसआईआर शुरू होगा। जिसमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है। रायगढ़ जिले में 1153 बीएलओ को 4 नवंबर से घर-घर जाकर सर्वे करने का आदेश दिया गया है। 20 एईआरओ इस काम की रिपोर्टिंग करेंगे। 21 साल से देश में मतदाता सूची का शुद्धिकरण या फिल्टर नहीं हो सका है। इस दौरान कई विदेशियों के देश में आने, अवैध रूप से पहचान पत्र बनाने के हजारों मामले सामने आए हैं। जरूरी है कि ऐसे बाहरी लोगों की पहचान की जाए। ये लोग किसी न किसी रूप में चुनाव प्रक्रिया पर भी असर डाल रहे हैं। इसलिए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण या स्पेशल इंटेन्सिव रिवीजन एसआईआर लागू किया जा रहा है। रायगढ़ जिले में चारों एसडीएम को निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी ईआरओ बनाया गया है। इसके अलावा 20 तहसीलदारों, निगम ईई, निगम कर्मचारी और सीएमओ को सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एईआरओ बनाया गया है। रायगढ़ जिले में 1153 बीएलओ को सर्वे की जिम्मेदारी दी गई है। पूरी प्रक्रिया 103 दिन में पूरी करने का टारगेट दिया गया है। 28 अक्टूबर से 7 फरवरी 2026 के बीच प्रक्रिया चलेगी। 4 नवंबर से 4 दिसंबर के बीच घर-घर सर्वे होगा। 9 दिसंबर को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होगी। 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 के बीच दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। 9 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 के बीच वेरीफिकेशन होगा। 7 फरवरी 2026 को फाइनल वोटर लिस्ट आ जाएगी।

#### जिले में मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा | 2003 | 2025 |
|---|---|---|
| धरमजयगढ़ | 1,28,276 | 2,17,580 |
| लैलूंगा | 1,21,852 | 2,09,961 |
| रायगढ़ | 1,47,066 | 2,17,580 |
| खरसिया | 1,38,716 | 2,20,029 |

#### मतदाताओं को रखा जाएगा तीन ग्रेड में

वोटर लिस्ट से अपात्रों को हटाने के लिए यह फिल्टर किया जा रहा है। चुनाव आयोग 2003 की मतदाता सूची को आधार बनाकर 2025 से मिलान करेगा। यदि किसी का नाम 2025 में है और 2003 में नहीं मिला तो उसके पिता की वोटर आईडी का पता लगाया जाएगा। इसके लिए आयोग ने तीन ग्रेड बनाए हैं। ए ग्रेड में वे वोटर शामिल होंगे, जिनका नाम दोनों वर्षों की मतदाता सूची में होगा। बी ग्रेड में वे मतदाता आएंगे जिनका नाम 2025 की सूची में है लेकिन 2003 की सूची में उनके पिता का नाम है। इससे पता चलेगा कि 2003 में उक्त वोटर अवयस्क रहा होगा। सी ग्रेड में उन मतदाताओं को रखा जाएगा जिनके नाम 2025 में तो हैं लेकिन उनके पिता या वंशजों का नाम 2003 में न मिले। अहम बात यह है कि वोटर आईडी में नाम किसी भी राज्य में होए स्वीकार किया जाएगा। इनको दावा.आपत्ति के जरिए अपना वेरीफिकेशन कराना होगा जिसके लिए 11 दस्तावेज मान्य किए गए हैं।

#### प्रत्येक मतदान केंद्र में 1000 मतदाता

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एसडीएम को ईआरओ नियुक्त किया गया है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर लगभग 1000 मतदाता होंगे और एक बीएलओ होगा। बीएलओ प्रत्येक मतदाता को एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित करेंगे और उसे भरवाएंगे। ये बीएलओ प्रत्येक घर का कम से कम तीन बार दौरा करेंगे। बीएलओ मृत या स्थानांतरित मतदाताओं की पहचान करेंगे। बीएलओ का काम नए मतदाताओं से फॉर्म 6 और घोषणा पत्र एकत्र करना होगा। जिन मतदाताओं के नाम पिछली सूची से मेल नहीं खातेए उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। सभी मान्यता प्राप्त दलों के बूथ लेवल एजेंट्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा। डुप्लीकेट या मृत मतदाताओं की सूची सार्वजनिक की जाएगी।

खबर संक्षेप

### निर्वाचक नामावलियों विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए प्रशिक्षण आज

**जशपुरनगर।** कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग रायपुर के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जाना है। इस हेतु 1 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में स्वामी आत्मानंद हिन्दी उत्कृष्ट विद्यालय जशपुर के सभा कक्ष में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। जशपुर एडीएम ने निर्धारित तिथि, स्थान एवं समय में तहसील जशपुर के सेक्टर प्रभारी अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी सहित समस्त बीएलओ, सुपरवाईजर, एवं अविहित अधिकारी को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने निर्देशित किया है।

### युवक के सिर पर वार कर मोबाइल व नकदी की लूट

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत त्रिपाठी आटा चक्की के पास भदरापारा बालको निवासी अनिल कुमार राठौर उम्र -37 वर्ष पिता दशरथ प्रसाद राठौर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह फोटोग्राफर का काम करता है। 28 अक्टूबर की रात शादी समारोह में फोटोग्राफी करने पिली कोठी कोरबा गया था। जहां काम समाप्त कर रात्रि करीबन 2 बजे कोरबा से अपने घर भदरपारा बालको आने के लिए अपने मोटर सायकल एसपी साइन क्रमांक सीजी 12 बीके 4340 में अकेले निकला था मैं जैसे ही लालघाट के पास रोड किनारे एक चिकन दुकान के पास पहुंचा था तब रात्रि के लगभग 2:20 बजे एक मोटर सायकल में तीन युवक सवार होकर अनिल के समीप पहुंचे और अचानक किसी चीज से अनिल के सिर में मार दिए जिससे अनिल मोटर सायकल सहित रोड किनारे गिर गया और बेहोश हो गया। 10-15 मिनट बाद जब अनिल को होश आया तो देखा की उसके सिर से खून निकल रहा था तथा अनिल का वीवो मोबाईल तथा पर्स में रखे लगभग 1 हजार रुपए नगद तथा एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं मेरा ड्राविंग लाइसेंस आदि को ले भागे हैं। अनिल की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### मवेशियों की तस्करी करने वाले भेजे गए जेल

**कोरबा।** मवेशियों की तस्करी करते हुए आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ छ०ग० कृषक पशु परिरक्षण अधि. 2004 की धरा 4, 6, 10 पशु कुरता का निवारण अधि. 1960 की धारा 11 (घ) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग चारपहिया वाहन में मवेशियों को बूचड़ खाना ले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने घेराबंदी की और सफेद रंग के पीकप वाहन क्रमांक सीजी 29 ए 4865 में कुछ लोगों के द्वारा ग्राम सराईपाली पंचायत रिवापार से अवारा बैलों को पीकप में लोडकर जिला जशपुर बतोली से उत्तर प्रदेश तरफ बूचड़ खाना वध कर मांस बेचने के लिए लेकर जा रहे हैं जिसकी सूचना पर ग्राम सराईपाली बस्ती पंचायत रिवापार में जाकर घेराबंदी कर छापामार कार्यवाही किया गया जो मौके पर एक सफेद रंग का पीकप वाहन आते दिखा जिसे रूकवाकर चेक किया गया जो उक्त पीकप वाहन के छोटे डाला में 7 रास बैल को रखा गया था जिससे उनको काफी परेशानी हो रही थी वाहन के केबिन में एक चालक और दो व्यक्ति बैठे हुए थे जिनसे पूछताछ करने पर वाहन चालक ने अपना नाम काशाबेल निवासी सन बहाल राम यादव उम्र 36 वर्ष पिता जंगु राम यादव तथा बैठे व्यक्यिों ने अपना नाम दिनेश राम उम्र 35 वर्ष पिता बबलू राम, मंगलू यादव उम्र 32 वर्ष पिता उमेन्द्र राम यादव बताया तथा उनके अन्य साथी पिकअप वाहन के पीछे से आ रही प्लसर मोटर सायकल में तीन व्यक्ति बैठकर आ रहे थे ।और पुलिस को देखकर दो व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए उनमे से एक व्यक्ति मिला जिसने अपना नाम खीकराम बघेल उम्र 35 वर्ष पिता स्व० जनक राम बघेल बताया। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध छग कृषक पशु परिरक्षण अधि. 2004 की धरा 4, 6, 10 पशु क्रूरता का निवारण अधि. 1960 की धारा 11 (घ) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## ग्रामीणों ने सड़क पर लाश रखकर की नारेबाजी

# जमीन विवाद : पाकरगांव में दो व्यक्तियों की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

पाकरगांव में बीती रात जमीन विवाद को लेकर दो व्यक्तियों की टांगी मार कर हत्या कर दी गई। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों के साथ मिल कर सड़क पर लाश रखकर नारेबाजी की।

मिली जानकारी के अनुसार नागवंशी समाज के लोगों द्वारा यादव समाज के चक्रो राम यादव का टांगी मार कर हत्या कर दी गई है। वहीं यादव समाज के लोगों ने भी नागवंशी समाज के एक व्यक्ति की टांगी मार कर हत्या कर दी। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना की जा रही है। पत्थलगांव थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस द्वारा सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। वहीं फॉरेंसिक की टीम भी बुलाई गई है। दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम किया गया। आगे विवेचना में जो भी तथ्य सामने



आएगा उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि एसडीओपी धुर्वेस जायसवाल की समझाइश और एसआई संतोष तिवारी के विरूद्ध कार्रवाई नहीं करने पर उनका स्थानांतरण कर दिया गया है। तब जाकर परिजनों ने चक्काजाम खत्म किया और शव का पोस्टमार्टम कार्रवाई शुरू की गई।

### 12 घंटे बाद भी नहीं हुई थी कार्रवाई

चक्रो यादव के परिजनों ने सड़क पर लाश रखकर चक्काजाम किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने रात में हुई हत्या के 12 घंटे से ज्यादा समय व्यतीत हो जाने के बाद भी किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने जमकर नारेबाजी भी की। मजेदार बात यह है कि पत्थलगांव थाने में पुलिस का कोई भी बड़ा अधिकारी मौजूद नहीं था जबकि मर्डर की घटना रात की बताई जा रही है। परिजनों ने रात को ही पुलिस को सूचित कर दिया था।

## भारी बारिश के बीच लोगों ने मनाई आंवला नवमीं

**जशपुरनगर।** जशपुर में भारी बारिश के बावजूद जिले भर में आंवला नवमीं मनाई गई। इस दौरान महिलाओं ने आंवला वृक्ष की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की।

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमीं तिथि से लेकर पूर्णिमा तिथि तक भगवान विष्णु आंवला के वृक्ष में निवास करते हैं इसलिए इस दिन आंवला के वृक्ष की पूजा अर्चना की जाती है। मान्यता है इससे आरोग्य, सुख-शांति और अखंड सौभाग्य, संतान सुख की प्राप्ति होता है। आंवला नवमीं को अक्षय नवमीं भी कहा जाता है। कहते हैं कि इस दिन आंवला से कुछ खास उपाय करने



पर मां लक्ष्मी अक्षय पुण्य प्रदान करती है। आंवला नवमीं के दिन प्रातः काल स्नान कर पूजा करने का संकल्प लें।

## 25 साल के गौरवशाली उपलब्धियों को स्टॉलों में करेंगे प्रदर्शन

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रायगढ़ जिला मुख्यालय स्थित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में 2 से 4 नवंबर तक तीन दिवसीय राज्योत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया जाएगा। राज्य के रजत जयंती वर्ष के इस विशेष अवसर पर आयोजित राज्योत्सव छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की गौरवशाली उपलब्धियों और विकास यात्रा को जन.जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन 2 नवंबर को प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस अवसर पर लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया तथा राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा राज्योत्सव की तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। आयोजन स्थल पर बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, साउंड सिस्टम, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं सहित सभी आवश्यक तैयारियां अंतिम चरण में हैं, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। राज्योत्सव में 40 से अधिक विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास यात्रा और उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ की ग्रामीण समृद्धि, औद्योगिक प्रगतिए सामाजिक विकास और लोक संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।

सांस्कृतिक विविधता से भरपूर राज्योत्सव में प्रतिदिन सायं 6 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नृत्यए संगीत और लोककला की इन प्रस्तुतियों से स्टेडियम का वातावरण उत्सवमय हो उठेगा। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में स्टॉल व्यवस्था में 25 वर्षों की विकास यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग को जिम्मेदारी सौंपी है। इसी तरह समारोह में बांस.बल्ली की व्यवस्था हेतु वन विभाग एवं मंच तथा पंडाल की संपूर्ण व्यवस्था का जिम्मा लोक निर्माण विभाग को दिए है। कार्यक्रम स्थल में विद्युत एवं जनरेटर की व्यवस्था विद्युत विभाग एवं लोक निर्माण विभाग करेंगे। स्थल में फॉयर ब्रिगेड की जिम्मेदारी जिला सेनानी को दी गई है। स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का चयन जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की होगी।

आवश्यक चिकित्सक दल सहित ओआरएस पाउच तथा दवाई एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी करेंगे। कार्यक्रम स्थल के मंच में आवश्यक व्यवस्था एवं सभा स्थल पर बैठक व्यवस्था की जिम्मेदारी राजस्व विभाग को दी गई है। इसी तरह कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने अन्य विभागों को अलग.अलग जिम्मेदारी सौंपी है।

### फरसाबहार में खुलेगा सत्यसाईं मातृत्व शिशु अस्पताल

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले की स्वास्थ्य सेवाएं नए आयाम गढ़ रही हैं। अब जिले के फरसाबहार क्षेत्र में देश की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था सत्यसाईं ट्रस्ट की ओर से मातृत्व शिशु चिकित्सालय अत्याधुनिक बाल हृदय रोग चिकित्सा उपचार अस्पताल की स्थापना की जा रही है। इस अस्पताल के लिए जिला प्रशासन ने पांच एकड़ भूमि का चिन्हांकन कर लिया है। जब तक स्थायी भवन का निर्माण कार्य पूरा नहीं होता, तब तक संस्था फरसाबहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में अस्थायी तौर पर अस्पताल का संचालन करेगी।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसकी घोषणा फरसाबहार में आयोजित आत्मनिर्भर भारत संकल्प शिविर के दौरान की। उन्होंने कहा कि राजधानी रायपुर स्थित सत्य साईं अस्पताल देश भर में अपने निःस्वार्थ सेवा कार्यों के लिए प्रसिद्ध है। जहां बच्चों के हृदय रोग का उपचार पूरी तरह निःशुल्क किया जाता है। इस अस्पताल में किसी प्रकार का कैश काउंटर तक नहीं है। अब तक वहां 40 हजार से अधिक बच्चों का निःशुल्क उपचार किया जा चुका है। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि सत्य साईं ट्रस्ट की इस सेवा भावना से प्रभावित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं इस अस्पताल का निरीक्षण करने जा रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर ट्रस्ट के संचालकों से जशपुर जैसे आदिवासी बाहुल्य जिले में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में योगदान देने का आग्रह किया था।

## बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम के लिए सभी प्राचार्य विशेष रणनीति तैयार कर करें कार्य

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट स्थित सृजन सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी विद्यालयों के प्राचार्य और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि आने वाले दो माह विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस दौरान सभी प्राचार्य विद्यालयवार विशेष कार्ययोजना बनाकर विद्यार्थियों के बोर्ड परीक्षा परिणामों में उत्कृष्टता सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों की नियमित उपस्थितिए काउंसलिंग और निरंतर मूल्यांकन अनिवार्य है। कमजोर विद्यार्थियों की सूची बनाकर उन पर अतिरिक्त ध्यान दें और राज्य स्तर पर टॉप करने की क्षमता रखने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष तैयारी कराई जाए। साथ ही पाठ्यक्रम को निर्धारित समय.सीमा में पूरा करें।कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों के बेहतर परिणाम के लिए प्राचार्यों और शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। विद्यार्थियों के परिणामों में सुधार ही शिक्षकों के कार्य का वास्तविक मूल्यांकन है। प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमता और योग्यता के अनुरूप पहचान कर उन्हें व्यक्तिगत रूप से मार्गदर्शन करें। जिले के विद्यार्थी राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंए इसके लिए सभी अधिकारी और शिक्षक टीम भावना से कार्य करें। बैठक में श्री चतुर्वेदी ने विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि अनुपस्थित और ड्रॉपआउट विद्यार्थियों के अभिभावकों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें स्कूल आने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ अनुशासन भी समान रूप से आवश्यक है।

इसलिए सभी विद्यालयों में अनुशासन का पालन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति, तिमाही परीक्षा के परिणाम, विद्या समीक्षा केंद्र में पंजीयन, एलपीजी के माध्यम से मध्यान्ह भोजन, सरस्वती साइकिल वितरण, यू.डाइस डाटा एंट्री, अपार आईडी निर्माण, छमाही प्री.बोर्ड परीक्षा का आयोजन, बोर्ड परीक्षा लक्ष्य निर्धारण, मॉडल स्कूलों की प्रगतिए छात्रवृत्ति ऑनलाइन एंट्री तथा उल्लास नवभारत साक्षरता महापरीक्षा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि श्हर विद्यालय में शिक्षकों की मेहनत विद्यार्थियों के परिणामों में झलकनी चाहिए। विद्यार्थियों की सफलता ही शिक्षकों की मुख्य उपलब्धि है।

## गुरुकुल महाविद्यालय के छात्रों ने दिया स्वच्छता का संदेश

**पत्थलगांव।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के समापन बाद गुरुकुल महाविद्यालय पत्थलगांव के छात्रों ने तालाब परिसर की साफ-सफाई कर एक उदाहरण प्रस्तुत किया। सुबह अर्घ्य संपन्न होते ही विद्यार्थियों ने तालाब क्षेत्र की सफाई शुरू कर दी।

इस अभियान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजीत कुमार यादव, डॉ राकेश पारसनाथ यादव, बैकुंठराम यादव, तुलसागर पैकरा, फूल जेन बैग, सुश्री सोनू मण्डल, गायत्री चौहान, कृपामानी कुजूर, अंजलिका तिर्की, सुश्री लक्ष्मी यादव, सुश्री यामिनी बंजारा सहित बी.एड. के परीक्षार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्राचार्य डॉ. अजीत कुमार यादव ने बताया कि छठ पर्व के दौरान समिति के सदस्य काफी व्यस्त रहे, इसलिए विद्यार्थियों ने पहल कर स्वयं सफाई कार्य शुरू किया ताकि तालाब परिसर का लाभ ग्रामीणों को मिल सके। उनके इस कार्य को लेकर छठ समिति एवं भोजपुरी समाज ने गुरुकुल महाविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने समाज के प्रति जिम्मेदारी का जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह अनुकरणीय है।

## अवैध धान लोड 3 पिकअप जब्त, तीन घरों में मिला 1135 बोरी से अधिक धान

**अम्बिकापुर।** अभी धान खरीदी शुरू होने में एक पखवाड़े से अधिक समय शेष है लेकिन कोचियों ने अभी से समितियों में पड़ोसी राज्यों का धान खपाने की तैयारियां जोरशोर से शुरू कर दी है। कोचियों ने जगह-जगह यूपी का धान भण्डारित कराया है वहीं हर दिन विभिन्न मार्गो से कोचिए पिकअप से बाहर का धान मंगा रहे हैं। इधर कोचियों का अवैध धान पकड़ने प्रशासनिक टीमें पूरी रात अलग-अलग मार्गों में अवैध धान परिवहन कर कार्रवाई कर रही है। बीती रात रामानुजगंज एसडीएम आनंदराम नेताम के नेतृत्व में राजस्व अधिकारियों ने त्रिसुली के रास्ते सहकारी समितियों में खपाने के उद्देश्य से यूपी का धान ला रहे तीन पिकअप को जब्त किया। श्री नेताम रात्रि 11.30 बजे नायब तहसीलदार आईसी यादव, चार हल्का पटवारी एवं अपने सुरक्षाकर्मियों को साथ लेकर ग्राम पंचायत त्रिशुली की ओर निकले थे।

## कन्या महाविद्यालय ने जीता परिक्षेत्र स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का खिताब

**जशपुरनगर।** शासकीय विजय भूषण सिंहदेव कन्या महाविद्यालय, जशपुर की महिला वॉलीबॉल टीम ने परिक्षेत्र स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का ताज अपने नाम किया।

प्रतियोगिता का आयोजन 30 अक्टूबर को शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय, सीतापुर में किया गया था। इस प्रतियोगिता में सरगुजा विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कुल 18 कॉलेजों की टीम ने हिस्सा लिया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में कन्या महाविद्यालय जशपुर की टीम ने श्री सांई बाबा आदर्श महाविद्यालय, अंबिकापुर को तीन सेटों तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 15-7, 7-15 और 10-8 से हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता टीम में कु. लिलीमा भगत (कप्तान), वैदेही यादव, क्रिसपीन खाखा, गरिमा रजवाड़े, क्रांति बाई, आशा तिर्की, राधिका प्रजापति, अनिशा प्रीति कुजूर, दिलेश्वरी तिर्की, ऐश्वर्या खेस, सानिया कुजूर एवं सूर्यमनी सिंह शामिल थीं। टीम के कोच एवं मैनेजर अयोध्या प्रसाद प्रधान के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता।



### होता है नियमित अभ्यास सत्र

महाविद्यालय के खेल मैदान में नियमित अभ्यास सत्र आयोजित किए जाते हैं। इसमें विद्यार्थियों को प्रातः 6 बजे से रनिंग एवं ग्राउंड पर अभ्यास कराया जाता है। प्राचार्य डॉ माधुरी गुप्ता ने टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों, कोच अयोध्या प्रसाद प्रधान एवं समस्त स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। हमारी छात्राएं पढ़ाई के साथ ही खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं, जो जशपुर की बेटियों की प्रतिभा और मेहनत को दर्शाता है।

प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में कन्या महाविद्यालय जशपुर ने होलीक्रॉस कन्या महाविद्यालय, अंबिकापुर को सीधे सेटों में 15-6 और 15-5 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में सांई बाबा कॉलेज अंबिकापुर ने सरस्वती महाविद्यालय अंबिकापुर को 15-13, 13-15 और 15-7 से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया था। कन्या महाविद्यालय जशपुर अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणामों के साथ ही खेल गतिविधियों में भी निरंतर अग्रणी रहा है। सत्र 2021-22 से महाविद्यालय में खेल एवं शारीरिक शिक्षा विषय में स्नातक पाठ्यक्रम की शुरुआत के बाद खेलों को नई दिशा मिली है।

## सीएम ने ईब व्यपवर्तन योजना जीर्णोद्धार के लिए दी मंजूरी

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने किसानों की हित में एक और बड़ा कदम उठाते हुए जशपुर जिले के विकासखंड कुनकुरी की ईब व्यपवर्तन योजना की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।

इस योजना के लिए 37 करोड़ 9 लाख 63 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। इस स्वीकृति से कुनकुरी क्षेत्र के हजारों किसानों को सीधे लाभ मिलेगा। योजना के पूर्ण होने के बाद 3323 हेक्टेयर के विरुद्ध 1453 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे फसलों की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में भी इजाफा होगा। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ईब व्यपवर्तन योजना के जीर्णोद्धार से कृषि योग्य भूमि की सिंचाई



क्षमता में महत्वपूर्ण सुधार होगा। लंबे समय से मरम्मत की आवश्यकता को लेकर किसान मांग कर रहे थे।

जिसे अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूरा किया है। कुनकुरी क्षेत्र के किसानों ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उनका कहना है कि इस योजना के पुनर्जीवन से उनकी खेती फिर से सशक्त होगी और अब उन्हें सिंचाई के लिए वर्षा पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर कलेक्टर ने दिलाई एकता व अखंडता की शपथ



**जशपुरनगर।** देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला कार्यालय परिसर में समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए स्वयं को समर्पित करने तथा देशवासियों के बीच एकता का संदेश फैलाने की शपथ ली। अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ईमानदारी व निष्ठा से योगदान देने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### इस बार समर्थन मूल्य पर की जाएगी धान खरीदी

## एग्री स्टैक पंजीयन के अंतिम दिन केंद्रों व सीएससी सेंटरों में किसानों की लगी कतार

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने 15 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक 25 लाख से अधिक किसानों से धान खरीदी करने का निर्णय लिया है। इस बार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। जिसमें प्रत्येक किसान से अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ दर पर 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी होगी।

धान खरीदी के लिए राज्य सरकार ने इस साल सभी किसानों को एग्री स्टैक पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया है वहीं 31 अक्टूबर को इस पंजीयन का अंतिम दिन था। एग्री स्टैक में पंजीयन नहीं होने पर इस वर्ष 2025-26 में धान नहीं बेच पाएंगे। तमता खरीदी केंद्र के प्रबंधक हजारी लाल ने बताया कि शुक्रवार को एग्री स्टैक पंजीयन की अंतिम तिथि था और नए किसानों की पंजीयन की तिथि भी अंतिम दिन है। ऐसे में कोशिश है कि सभी किसानों की एग्री स्टैक एवं पंजीयन हो सके और कोई किसान न छूटे। उन्होंने बताया कि पंजीयन में किसी प्रकार की त्रुटि या सुधार के लिए 30 नवंबर तक विभाग द्वारा तय किया गया है। वहीं शुक्रवार को



### सर्वर की समस्या के कारण लग रहा था समय

ऑपरेटर ने बताया कि सिस्टम में सर्वर की वजह से नए पंजीयन के लिए शुक्रवार को लिंक नहीं खुल रहा था और डेटा अपलोड होने में समय लग रहा था। ऐसे में आज ही सभी नए पंजीयन को देर रात तक अपलोड करना पड़ेगा।

खरीदी केंद्र में एग्री स्टैक पंजीयन के लिए क्षेत्र के किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। केंद्र में 1 अतिरिक्त ऑपरेटर रख कर डेटा एंट्री का कार्य कराया जा रहा था।

### सही रिकॉर्ड सुनिश्चित करना उद्देश्य

कृषि विभाग के अनुसार, एग्री स्टैक डिजिटल प्रणाली है, जो किसानों के भूमि रिकॉर्ड, बैंक खाता, आधार और फसल की जानकारी को एकीकृत करती है। इसका उद्देश्य खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और सही रिकॉर्ड सुनिश्चित करना है। स्थानीय कृषक भगत राम यादव ने प्रशासन से आग्रह किया है कि एग्रीटेक पंजीकरण की समय बढ़ाया जाए, ताकि कोई भी किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित न रहे। तमता क्षेत्र में धान की फसल लहलहा रही है, लेकिन एग्री स्टैक प्रक्रिया किसानों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। प्रशासन की सख्त हिदायत के बाद अब किसानों के पास केवल एक ही विकल्प समय रहते पंजीयन पूरा करें और समर्थन मूल्य पर धान बेचें, बचा है।

## भगवान अग्रसेन पर अमर्यादित टिप्पणी से अग्रवाल समाज में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

**पत्थलगांव।** अग्रवाल समाज के आराध्य महाराजा अग्रसेन सहित पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले अमित बघेल के खिलाफ विरोध की लहर तेज हो गई है। पत्थलगांव अग्रवाल समाज के अध्यक्ष परशुराम अग्रवाल, संभागीय अग्रवाल सभा अध्यक्ष पवन अग्रवाल के नेतृत्व में अग्रवाल समाज के सैकड़ों लोगों ने नारे लगाते हुए पत्थलगांव थाने पहुंचकर श्री बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। समाज के सदस्यों ने कहा कि जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख एवं छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा सोशल मीडिया पर दिए गए बयान से अग्रवाल समाज ही नहीं बल्कि पूरे सनातन समाज की भावनाएं आहत हुई है।



# असम के सभी सिनेमाघरों में रिलीज होगी जुबीन की आखिरी फिल्म...

**मुंबई।** देश के महान गायक जुबीन गर्ग का 19 सितंबर को निधन हो गया। असम सहित पूरे देश ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। 31 अक्टूबर को उनकी आखिरी फिल्म 'रोई रोई बिनाले' रिलीज होने वाली है। बताया जाता है कि राज्य के सभी सिनेमाघरों में 'थामा', 'एक दीवाने की दीवानियत', 'कंतारा चैप्टर 1' और 'जॉली एलएलबी 3' सहित सभी फिल्मों की स्क्रीनिंग को रोकने का फैसला किया गया है। यह फैसला इसलिए किया गया है, ताकि जुबीन गर्ग की आखिरी फिल्म 'रोई रोई बिनाले', राज्य के सभी सिनेमाघरों में खास तौर से प्रदर्शित हो सके। असम के हर सिनेमाघर में सिर्फ 'रोई रोई बिनाले' ही दिखाई जाएगी। यह कदम जुबीन गर्ग को भावभीनी श्रद्धांजलि देने के लिए उठाया गया है।

लाइफ Style



# सारा

## सार्वजनिक हस्ती के लिए चीजें आसान नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता सैफ अली खान की बेटी सारा अली खान अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर अक्सर कुछ न कुछ शेयर करती रहती हैं। कई बार ट्रोलर्स उन्हें ट्रोल करते हैं। अभिनेत्री मानती हैं कि लगातार ट्रोलिंग और आलोचना का सामना करना आसान नहीं है।

खासकर जब यह व्यक्तिगत हो जाए। हालांकि सारा कहती हैं कि समय के साथ उन्होंने मानसिक फिल्टर विकसित कर लिए हैं और जरूरी चीजों पर ध्यान केंद्रित करना सीख लिया है। सारा अली खान ने 2018 में दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत के साथ फिल्म केदारनाथ से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने 'सिम्बा', 'कुली नंबर 1', 'अतरंगी रे' और 'जरा हटके जरा बचके' जैसी कई फिल्मों में काम किया। उन्होंने कहा 'जब आप एक सार्वजनिक हस्ती होते हैं, तो चीजें आसान नहीं होतीं, हर तरफ से मशवरे दिए जाते हैं, चाहे आप इसे मानें या न मानें। हालांकि समय के साथ, मैंने एक मानसिक फिल्टर बनाना सीख लिया है।' 30 वर्षीय सारा का कहना है, 'मैं मानती हूं कि रचनात्मक आलोचना काम के बारे में होती है और यह मुझे आगे बढ़ने, सीखने और बेहतर बनने में मदद करती है। मैं इसकी बहुत कद्र करती हूं लेकिन जब यह व्यक्तिगत हो जाती है या जब इरादा आपको नीचे गिराने का हो, तो मैं इसे अंदर नहीं आने देती। मुझे एहसास हुआ है कि हर कोई आपको नहीं जानता और हर किसी को जानने की जरूरत भी नहीं है। मैं चाहती हूं कि मैं उन लोगों से जुड़ी रहूं जो मुझे स्क्रीन के बाहर जानते हैं।'

हॉलीवुड मसाला



# द पैराडाइज में होंगे रेनॉल्ड्स

**मुंबई।** साउथ के अभिनेता नानी अपनी अपकमिंग तेलुगु फिल्म 'द पैराडाइज' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म को हिट कराने के लिए निर्माता कई कदम उठा रहा हैं। इसी कड़ी में निर्माता कथित तौर पर हॉलीवुड अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स के साथ फिल्म रिलीज करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। फिल्म से जुड़े सूत्रों की मानें तो निर्देशक श्रीकांत ओडेला का मानना है कि रेनॉल्ड्स जैसे वैश्विक नाम को शामिल करने से इस एक्शन ड्रामा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाने में मदद मिलेगी।



# अजगर के साथ पोज देती नजर आईं प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा ने कुछ ही देर पहले सोशल मीडिया पर अपने पति निक जोनस के साथ कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों को देखकर प्रियंका का एक पुराना शौक नजर आ रहा है। प्रियंका ने अजगर को गले में डालकर हंसते हुए पोज दिए। प्रियंका ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी और निक जोनस की कई तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में प्रियंका गले में एक अजगर को डाले खुशी से तस्वीरें खिंचवातीं नजर आ रही हैं। हालांकि, इन लेटेस्ट तस्वीरों के साथ प्रियंका ने कुछ पुरानी तस्वीरें भी शेयर की हैं, जो अजगर के साथ है। यह तस्वीरें बताती हैं कि प्रियंका को अजगर के साथ तस्वीरें खिंचवाने का काफी पुराना शौक रहा है। प्रियंका ने तस्वीरों के साथ इंस्टाग्राम पर अपना एक खास वीडियो भी शेयर किया है।



# रोंगटे खड़े कर देने वाला ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** मानव कौल की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बारामूला' का ट्रेलर आखिरकार निर्माताओं ने रिलीज कर दिया है। इसमें बच्चों के रहस्यमयी तरीके से गायब होने की घटना दर्शकों को हैरान कर रही है। यह फिल्म जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'बारामूला' के मेकर्स ने 2 मिनट 13 सेकेंड का ट्रेलर रिलीज किया है। ट्रेलर की शुरुआत एक बच्चे के गायब होने से होती है। इसके बाद डीएसपी सैय्यद रिदवान इस केस की जांच करने अपने परिवार के साथ गांव आते हैं। डीएसपी के घर में भी अजीब-अजीब घटनाएं होती हैं। फिर इसी तरह और बच्चों के गायब होने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। कुछ दृश्य तो रोंगटे खड़े करने का काम करते हैं। इस फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य सुहास जम्भाले द्वारा किया गया है।




# टॉक्सिक से यश का शानदार पोस्टर जारी

**मुंबई।** 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स के निर्माताओं ने फिल्म की देरी से रिलीज की अफवाहों पर विराम लगाते हुए रिलीज डेट की पुष्टि कर दी है। निर्माताओं का जवाब केवीएन प्रोडक्शंस ने एक्स हैंडल पर देते हुए यश का एक शानदार पोस्टर शेयर किया और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कैप्शन में लिखा, 'अभी 140 दिन बाकी हैं। टॉक्सिक 19 मार्च 2026 को रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है, जो उगादी, गुड़ी पड़वा और ईद के त्योहारी सप्ताहांत के लिए बिल्कुल सही समय पर है। पोस्ट-प्रोडक्शन तब शुरू हुआ जब यश मुंबई में फिल्म 'रामायण' की शूटिंग कर रहे थे। टीम अब शूटिंग के अंतिम हिस्से को पूरा कर रही है और जनवरी 2026 में इसका प्रचार शुरू होगा। यह फिल्म अंग्रेजी और कन्नड़ में एक साथ शूट की गई है।

टीवी मसाला

# साउथ इंडस्ट्री में एक अनुभव भी नहीं था सुखद : मदालसा

**नई दिल्ली।** मदालसा शर्मा बॉलीवुड फिल्मों और टेलीविजन की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। एक्ट्रेस को 'अनुपमा' टीवी शो से काफी पहचान मिली। इतना ही नहीं मदालसा, दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की बहू भी हैं। हाल ही में



एक्ट्रेस ने साउथ इंडस्ट्री में काम करने के अपने बुरे अनुभव का खुलासा किया। हाल ही में अभिनेत्री मदालसा शर्मा पिंकविला से एक बातचीत में शामिल हुई थीं। इस दौरान उन्होंने साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपने काम के अनुभवों के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'एक अनुभव भी सुखद नहीं थे मेरे वहां पर। फिर मुझे लगा कि मैं नहीं कर पाऊंगी और वह रास्ता मैं नहीं अपना पाऊंगी।'उन्होंने कहा, 'कास्टिंग काउच और वो सब। मुझे लगता है कि यह हर जगह है । मुझे साउथ में थोड़ी निराशा हुई थी। कोई अनुभव नहीं है, लेकिन एक बातचीत ने मुझे असहज कर दिया था। मुझे याद नहीं है, मैं 17 साल की थी, कुछ साल हो गए हैं। लेकिन, मुझे याद है कि मुझे असहज महसूस हुआ और मैं बस बाहर चली गई, और मैंने खुद से कहा, चलो अब मुंबई वापस चलते हैं।' अभिनेत्री ने अपने जीवन के लक्ष्यों के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'हर इंसान का एक लक्ष्य होता है, जिससे वो कहीं पहुंचने का सपना देखता है। मेरा लक्ष्य महत्वाकांक्षा है, सब कुछ है, मगर वो उतना ज्यादा नहीं है कि मैं उसको खुद पे हावी होने दूं। मुझे क्या चाहिए, क्या नहीं चाहिए और किस कीमत पर चाहिए। मेरे फैसले उसी के आधार पर हैं।' मदालसा शर्मा ने साल 2009 में तेलुगु फिल्म 'फिटिंग मास्टर' से डेब्यू किया था।

## कैप्टेंसी टास्क से अश्नूर-अभिषेक बाहर


**मुंबई।** बिग बॉस 19 के लेटेस्ट एपिसोड की शुरुआत फरहाना और मृदुल के बीच लड़ाई से शुरू होती है। 66वें दिन की शुरुआत 'हुस्न तेरा तौबा तौबा' गाने से होती है। सुबह-सुबह ब्रेकफास्ट के दौरान कुनिका और अभिषेक के बीच बहस होती है। दोनों मिल्क प्रोडक्ट्स को लेकर बहस करते है। मृदुल दोनों को समझाते हैं, लेकिन दोनों में से कोई भी नहीं मानता। इसके बाद बिग बॉस सभी घरवालों को गार्डन एरिया में इकट्ठा करते हैं और कैप्टेंसी की दावेदारी के लिए टास्क रखते है। बिग बॉस



कहते हैं कि घर में जीनियस साइंटिस्ट की लैब बनाई गई है। साइंटिस्ट को कुछ सामान चाहिए, जिसे जोड़ी में बने कंटेस्टेंट्स वो सामान लाकर देंगे। फिर फरहाना अमाल, गौरव-मालती, नीलम-कुनिका, मृदुल-तान्या और प्रणित-शहबाज की जोड़ी बनती है। बिग बॉस कहते हैं कि अश्नूर और अभिषेक को कैप्टेन की दावेदारी नहीं दी जाएगी। उन्होंने पहले ही घर नियमों का उल्लंघन किया है। अश्नूर को गेम का संचालक बनाते है।

# एनरिक इग्लेसियस के कॉन्सर्ट में जमा हुआ बॉलीवुड

*मुंबई। लगभग 13 साल बाद एनरिक इग्लेसियस भारत में अपना म्यूजिक कॉन्सर्ट कर रहे हैं। मुंबई में बुधवार को सिंगर के कॉन्सर्ट में कई बॉलीवुड सेलेब्स मौजूद दिखे। सभी एनरिक के सॉन्ग को एंज्वॉय कर रहे थे। इस कॉन्सर्ट के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, जिसमें कई मलाइका, रकुल के अलावा कई सेलेब्स नजर आ रहे हैं।*





**मलाइका और रकुल ने एंज्वॉय किया कॉन्सर्ट** : मलाइका अरोड़ा को म्यूजिक कॉन्सर्ट को काफी एंज्वॉय करते हुए देखा गया। रकुल प्रीत अपने पति जैक भगनानी के साथ कॉन्सर्ट में पहुंची थीं। यह कपल भी कॉन्सर्ट में काफी मस्ती के मूड में दिखा। रकुल ने अपने इंस्टाग्राम पर भी एनरिक के कॉन्सर्ट की तस्वीरें शेयर की हैं।

**सोनल चौहान ने कैमरा को दिए पोज** : एक्ट्रेस सोनल को भी एनरिक के म्यूजिक कॉन्सर्ट में देखा गया। कैमरा देखकर उन्होंने कई पोज दिए। वह कॉन्सर्ट में काफी खुश दिख रही थीं।

**सिंगर एनरिक भी भारत आकर खुश हैं** : एनरिक की भारत में अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। उनके गानों को यहां काफी पसंद किया जाता है। वह भी भारत आकर खुश हैं। भारत आने के बाद एनरिक ने फर्स्टपोस्ट से बात करते हुए कहा, 'भारत में दर्शक अद्भुत हैं। उनमें म्यूजिक के लिए प्यार है। जब मैं भारत में स्टेज पर आता हूं, तो दर्शक कमाल के होते हैं। उनकी एनर्जी का लेवल बेहतरीन होता है।'

**ताज महल का दीदार करेंगे एनरिक** : बता दें कि इंटरनेशनल पॉप स्टार एनरिक 29 और 30 अक्टूबर को मुंबई में कॉन्सर्ट कर रहे हैं। अपने शो के बाद वो आगरा भी जाने वाले हैं, जहां ताजमहल का दीदार करेंगे। इससे पहले वो साल 2012 में भारत आए थे और परफॉर्म किया था। और इससे पहले वो साल 2004 में इंडिया आए थे।

# वेटिकन सिटी में गाया गया भारतीय गाना

## कलाकारों को अच्छा लगा पोप लियो का साथ

**मुंबई।** भारत की फिल्में पूरी दुनिया में देखी जाती हैं और इनकी तारीफ होती है। भारत का संगीत भी लगभग पूरी दुनिया में सुना जाता है और इसे लोग पसंद करते हैं। हाल ही में केरल के संगीतकारों-गायक विजय येसुदास और कीबोर्डिस्ट स्टीफन देवासी ने वेटिकन सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में मलयालम गाना गया। दोनों कलाकारों ने 'नोस्त्रा एतेते' नाम से आयोजित कार्यक्रम में पोप लियो 14वें की उपस्थिति में यह गाना गाया।

मलयालम में गाए गए गाने 'दैव स्नेहम वर्णिचिदन' की तारीफ हो रही है। भक्ति गीत 'दैव स्नेहम वर्णिचिदन' की रचना सेवानिवृत्त डीजीपी टोमिन जे. थचनकारी ने की थी। एक फेसबुक पोस्ट में, देवासी ने कार्यक्रम की तस्वीरें साझा कीं और इसे 'रोम में अद्भुत क्षण' बताया। उन्होंने लिखा, 'पोप लियो के साथ होना अच्छा था।' उन्होंने कहा कि वह इस कार्यक्रम में दुनिया भर के कलाकारों के साथ थे। देवासी के ऑफिस से कहा गया कि वह शुक्रवार को केरल लौटेंगे। विजय येसुदास महान गायक केजे येसुदास के



बेटे हैं। चर्च के अधिकारियों के अनुसार, नोस्त्रा एतेते कैथोलिक चर्च और गैर-ईसाई धर्मों के संबंधों की एक कड़ी है। इस वर्ष इसकी 60वीं वर्षगांठ है, जिसे रोम और दुनिया भर में मनाया जा रहा है।

## बाहुबली और बाहुबली-2 को जोड़कर बनाई गई है 'बाहुबलीः द एपिक'

# सिनेमाघरों में द ताज स्टोरी समेत आज पांच नई हिंदी फिल्में होंगी रिलीज

*मुंबई। सिनेमाघरों में शुक्रवार, 31 अक्टूबर को हिंदी में 5 फिल्में रिलीज हो रही हैं। इनमें जहां परेश रावल की 'द ताज स्टोरी' से लेकर हुमा कुरैशी की 'सिंगल सलमा' जैसी नई फिल्में हैं, वहीं डायरेक्टर एसएस राजामौली की एक्शन ड्रामा फिल्म 'बाहुबली: द एपिक' भी है, जो एक तरह से ब्लॉकबस्टर 'बाहुबली' और 'बाहुबली 2' को जोड़कर बनाई गई लगभग 4 घंटे का वन-कट वर्जन है। दिलचस्प बात यह है कि थिएटर्स में पहले से मौजूद 'थामा', 'एक दीवाने की दीवानियत' और 'कांतारा चैप्टर 1' की कमाई की रफ्तार जहां अब धीमी होने लगी है, वहीं नई फिल्मों से अधिक क्रेज 'बाहुबली: द एपिक' को लेकर है। कम से कम एडवांस बुकिंग के आंकड़े तो यही गवाही दे रहे हैं। कुल मिलाकर, अनुमान ये है कि प्रभास, राणा दग्गुबाती की यह फिल्म शुक्रवार को जबरदस्त कमाई करती हुई दिख रही है। प्रभास, राणा दग्गुबाती, अनुष्का शेट्टी, सत्यराज और तमन्ना भाटिया स्टारर 'बाहुबली: द एपिक' ने बुधवार रात तक प्रीमियर सहित पहले दिन की एडवांस बुकिंग से देश और विदेश मिलाकर कुल कमाई 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की ग्रॉस बुकिंग कर ली है। इसमें से भारत में इसने प्री-बुकिंग से 5 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।*

### द ताज स्टोरी


तुषार अमरीश गोयल के डायरेक्शन में बनी 'द ताज स्टोरी' में परेश रावल और जाकिर हुसैन प्रमुख भूमिका में हैं। यह एक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म है, जिसकी कहानी के केंद्र में एक टूर गाइड है। वह ताजमहल की ऐतिहासिक उत्पत्ति पर सवाल उठाता है। इसके लिए कानूनी केस दायर करता है। परेश रावल की यह फिल्म ताजमहल की विरासत, इस विश्व प्रसिद्ध धरोहर के नीचे के 22 कमरों को लेकर किए जाने वाले दावे, इसकी आस्था और सच्चाई की पड़ताल करती है। फिल्म अपने टीजर रिलीज के बाद से ही आलोचनाओं के घेरे में रही है।

### बाहुबलीः द एपिक

'बाहुबलीः द एपिक' की प्री-सेल्स पहले ही देश में पिछले दिनों री-रिलीज हुई फिल्मों की कमाई से ज्यादा हो चुकी है। ऐसे में यह निश्चित रूप से अब तक की सबसे बड़ी भारतीय री-रिलीज ग्रॉसर फिल्म बनने वाली है। बहुत आश्चर्य नहीं होगा, अगर 'बाहुबलीः द एपिक' बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए की कमाई का आंकड़ा पार कर ले। 'बाहुबलीः द एपिक' का रनटाइम 3 घंटे 45 मिनट है। बताया जाता है कि इसमें 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' से लगभग 1 घंटा 42 मिनट और 'बाहुबलीः द कन्क्लूजन' से लगभग 2 घंटे 3 मिनट का रनटाइम लिया गया है।

### सिंगल सलमा

नचिकेत सामंत के डायरेक्शन में बनी 'सिंगल सलमा' में हुमा कुरैशी, श्रेयस तलपड़े और सनी सिंह लीड रोल में हैं। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जिसकी कहानी लखनऊ में सेट है। केंद्र में सलमा का किरदार है, जिसकी उम्र 30 के पार हो चुकी है। उस पर शादी करने का दबाव है। लेकिन, सलमा अपना कॅरियर बनाना चाहती है। उसके माता-पिता सिकंदर के साथ उसकी शादी तय कर देते हैं, लेकिन ठीक उसी समय उसका पुराना प्यार, मीत उसकी जिंदगी में लंदन से लौट आता है। अब दो प्रेमियों और दो शादियों के चक्कर में उलझन भरी कॉमेडी शुरू होती है।







### वन टू चा चा चा

अभिषेक राज और रजनीश ठाकुर के डायरेक्शन में बनी 'वन टू चा चा चा' एक कॉमेडी फिल्म है। इसमें ललित प्रभाकर और आशुतोष राणा प्रमुख किरदार में हैं। कहानी में कॉमेडी और ड्राम का मेल है, जो गलतफहमियों के इर्द-गिर्द घूमती है।

### 18 हार्टबीट्सः रिकॉर्डिंग लाइव

अनुराग झा के डायरेक्शन में बनी '18 हार्टबीट्सः रिकॉर्डिंग लाइव' एक म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म है। इसमें अवशी ठाकुर और रौनक चंदन लीड रोल में हैं। कहानी एक प्रोफेसर से शुरू होती है, जिसे एक पुरानी रिसर्च थ्योरी '18 हार्टबीट्स' मिलती है। यह दो पूर्व छात्रों के बीच एक भूली हुई प्रेम कहानी को फिर से जिंदा कर देती है।

### खबर संक्षेप

## महिला वॉलीबॉल टीम में दो खिलाड़ियों का चयन



**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले के राउरकेला की दो प्रतिभाशाली बेटियां ललिता तिर्की और अमीशा उरांव, ओडिशा अंडर.17 महिला वॉलीबॉल टीम में चयनित हुईं। यह टीम आगामी 11 से 15 नवंबर तक उत्तर प्रदेश के बरेली में होने वाली स्कूल स्तरीय राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। ललिता तिर्की बिश्रा सरकारी उच्च विद्यालय, बिजाडीही की छात्रा हैं, जबकि अमीशा उरांव सुबोध राउतरे हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्ययनरत हैं। दोनों खिलाड़ी पिछले छह वर्षों से चंद्रशेखर खेल संगठन के महासचिव एवं वॉलीबॉल कोच देवदत्त जेना के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास कर रही थीं। श्री जेना प्रतिदिन सुबह स्वयं विद्यालय जाकर निःस्वार्थ भाव से छात्राओं को प्रशिक्षण देते रहे हैं। इन दोनों खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से कोच और संगठन के सदस्य बेहद उत्साहित हैं।

## साइबर ठगों को बैंक खाता बेचने वाला गिरोह पकड़ाया

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ जिले के भस्मा थाना पुलिस ने साइबर अपराधियों की मदद करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपी कलाकर टंडिया अबनकेला गांव निबास नायक, योगीमाल गांव, भरत महानंद जामतलिया गांव, बिमल गर्दिया, डमबाहाल गांव और हरेराम देव गुराबासा गांव सदर थाना क्षेत्र को गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ कि ये आरोपी अपने और रिश्तेदारों के नाम से विभिन्न बैंकों में खाते खोलकर उनके एटीएम कार्ड साइबर ठगों को बेच देते थे, जिसके बदले उन्हें 5 से 10 हजार रुपए प्रति खाता मिलता था। पिछले कुछ महीनों में इन खातों के जरिए लाखों रुपये के संदिग्ध लेनदेन किए गए। पुलिस को संदेह है कि इन खातों का उपयोग देशभर में फैले साइबर अपराधी ऑनलाइन ठगी की रकम ट्रांसफर करने में कर रहे थे। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुसांत कुमार परिड़ा के नेतृत्व में टीम गठित की गई, जिसने छापेमारी कर आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस ने उनके पास से 23 बैंक पासबुक और 6 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। गुरुवार को एसडीपीओ निर्मल कुमार महापात्र ने थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और पुलिस अब उन साइबर गिरोहों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है जो इन खातों का इस्तेमाल ठगी में कर रहे थे।

### निधन

## ईश्वर गुप्ता



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के कोलतापारा निवासी ईश्वर गुप्ता का निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे। उनके निधन से कोलता समाज, करीबी तथा परिजनों ने दुख प्रकट किया है।

### सांसद, महापौर, कलेक्टर, एसपी सहित शहरवासियों ने लगाई दौड़

# एसपी के साथ स्कूली बच्चों ने किया कदम ताल, 1800 लोग हुए शामिल





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज रायगढ़ में राष्ट्रीय एकता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में एकता दौड़ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर स्थित गांधी प्रतिमा से हुआए जहाँ से दौड़ को राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दौड़ हेमू कालानी चौक तक संपन्न हुई। एकता दौड़ में जिले के विभिन्न विद्यालयों के 1800 से अधिक छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स, जनप्रतिनिधिए प्रशासनिक अधिकारी और शहर के गणमान्य नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

पूरे मार्ग में श्भारत माता की जय और सरदार पटेल अमर रहेंश के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। बच्चों और युवाओं में देशभक्ति और एकता का जोश देखने लायक था। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने आजादी के बाद देश की अनेक रियासतों को भारत में मिलाकर एक सशक्त राष्ट्र निर्माण किया। उनके दृढ़ संकल्प और दूरदर्शिता से ही अखंड भारत की नींव रखी गई। नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि हम सभी देश की एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहें तथा सरदार पटेल के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस, दूरदृष्टि और नेतृत्व क्षमता से भारत को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। वे सच्चे अर्थों में राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रतीक थे। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने कहा कि एकता दौड़ का उद्देश्य यह संदेश देना है कि भारत में रहने वाले सभी वर्ग, समुदाय और क्षेत्र के लोग एक हैं और सदैव एक रहेंगे। उन्होंने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 वीं जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय में एकता दौड़ के साथ जिले के सभी थाना क्षेत्र में भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने एक स्वर में देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर सभापति डिग्रीलाल साहू, पार्षद पूनम सोलंकी, वनमंडलाधिकारी अरविंद पीएम, निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा, श्रीमती साधना सिंह, उत्तम प्रताप सिंह, निरीक्षक सुखनंदन पटेल एवं किशोर केरकेट्टा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, पुलिस जवान, नागरिकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डीएसपी अनिल विश्वकर्मा ने किया और सभी अतिथियों तथा प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## एग्री स्टेक किसानों के लिए बना सिरदर्द, तहसील का लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

एग्री स्टैक में किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। जिसमें कई किसानों के रकबे आधे अधूरे दिख रहे हैं और समुचे रकबे में धान बिक्री करने के लिये उन्हें एग्रीस्टेक कराना जरुरी है। जिसके लिये तहसील कार्यालय में किसानों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं हल्का पटवारी किसानों को बुला बुला कर उनके धान फसल का एग्रीस्टेक करने दस्तावेज तैयार कर रहे हैं। बताया गया कि गिरदावरी करते समय इसका ध्यान नहीं रखा गया जिसके फलस्वरूप किसानों का पूरा रकबा बी-1 खसरा भुईया साफ्टवेयर में नहीं दिख रहा है। जबकि इसके पुर्व नियमित रूप से सभी किसानों का दिख रहा था और धान बिक्री करने में कोई परेशानी नहीं होती थी। इसी कड़ी में शासन द्वारा अपेक्स बैंक में केवाईसी कराना भी जरूरी बताया जा रहा है। जिसके कारण अपेक्स बैंक में रोज लाइन लग कर किसान अपने अपने खाते को केवाईसी करा रहे हैं। पुसौर तहसील में सैकड़ों किसानों का होना है और 15 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ होने जा रहा है। इस बीच यदि एग्रीस्टेक में सुधार नहीं हुआ तो धान बिक्री करने में दिक्कत हो सकती है। पुसौर तहसील कार्यालय में नव पदस्थ तहसीलदार अनुराधा पटेल एग्रीस्टेक के लिए आ रहे किसानों के समस्याओं को गंभीरता से सुन रहे हैं इस बीच अतिरिक्त बातचीत करने वाले को अपने तीखे तेवर से बाहर का रास्ता भी दिखा रहे हैं। किसानों के कार्य को गंभीरता से लेने के कारण न्यायालयीन कार्य को बहरहाल टालने की बात कही जा रही है। वहीं नायब तहसीलदार पंकज मिश्रा कार्यालय से बाहर के श्सकीय कार्य को निपटाने में ज्यादा समय लगने के तथ्य सामने आये है जिसके कारण तहसील कार्यालय में किसानों की भीड इन दिनों बहुत ज्यादा देखने को मिल रहा है। कोतासुरा के किसान व अधिवक्ता तेजराम मालाकार ने बताया कि एग्रीस्टेक में गडबडी से धान विक्रय पंजीयन में सभी भूमि नहीं दिख रहा है। जिससे किसानों को धान बिक्री करने में परेशानी होगी।पूर्व में जिस किसान का 10 एकड में धान विक्रय पंजीयन में दर्ज था अभी वर्तमान में उसका एक भी दर्ज नहीं है ऐसे स्थिति में किसान धान बिक्री करने से वंचित हो सकते हैं।

## बंधपाली में बजरंगबली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा



**सुंदरगढ़।** हेमगिरी ब्लॉक के लइकैरा पंचायत के बंधपाली गांव में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब पूरे गांव ने मिलकर श्री बजरंगबली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं विग्रह स्थापना का भव्य आयोजन किया। ग्रामवासियों के वर्षो के सामूहिक प्रयास और आस्था का यह ऐतिहासिक क्षण श्रद्धा और उल्लास के माहौल में संपन्न हुआ। इस मंदिर में स्थापित की गई हनुमान की प्रतिमा डुडुका गांव के युवा समाजसेवी कृष्ण डिला ने श्रद्धापूर्वक दान की थी। प्रतिष्ठा पूजन में नाग दम्पत्ति ने मुख्य यजमान के रूप में भाग लिया, जबकि पूजक बलराम दास ने वैदिक रीति.रिवाजों के साथ अनुष्ठान संपन्न कराया। प्रातःकाल वेद मंत्रोच्चारण, हवन.यज्ञ और पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पंडितों के मार्गदर्शन में विग्रह का स्नान, आभूषण, अलंकरण और प्राण प्रतिष्ठा विधि के साथ मंदिर का नया अध्याय आरंभ हुआ। इस अवसर पर गांव और आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सभी ने नए वस्त्र धारण कर, फूल और प्रसाद अर्पित करते हुए श्री बजरंगबली के दर्शन किए। भजनए कीर्तन, हनुमान चालीसा पाठ और धार्मिक सभा से पूरा गांव भक्ति.सागर में डूब गया। संध्या समय मंदिर परिसर दीपों और झालरों से जगमगा उठा। आकर्षक आतिशबाज़ी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उत्सव की शोभा बढ़ा दी। आयोजन की सफलता में गांव के युवा संघ, महिला मंडल और समाजसेवी संगठनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## धनसीर स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन, लौह पुरूष को किया नमन

**बिलाईगढ़।** लौह पुरूष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयन्ती शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनसीर विकासखंड बिलाईगढ़ में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में सौहार्द्रपूर्ण माहौल में बड़ी धूमधाम से मनाई गई एवं राष्ट्रीय एकता तथा अखंडता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्रभारी प्राचार्य एनके साहू की अध्यक्षता में राज्य गीत अरपा पैरी के धार का सामूहिक गायन तथा विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के तैल चित्र पर पूजन अर्चन एवं माल्यार्पण कर किया गया, कक्षा 12 वीं की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई। विद्यालय के व्याख्याता सतीश यादव ने अपने उद्बोधन में सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता स्थापित करने में उनके द्वारा किए गए योगदान पर विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता एवं प्रभारी प्राचार्य एनके साहू ने अपने उद्बोधन में सरदार वल्लभभाई पटेल की अद्भुत क्षमताए न थकने वाली साहस एवं दृढ़ निश्चयी प्रवृत्ति का जिक्र कियाए जिसके कारण उन्हें लौह पुरूष की उपाधि से सम्बोधित किया जाता है। श्री साहू ने स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के संबंध में भी विस्तारपूर्वक बच्चों को समझाया। प्रत्येक उदबोधन के पश्चात छात्र-छात्राओं को उस उद्बोधन से संबंधित 5.5 प्रश्न पूछे गए तथा सही उत्तर बताने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। उद्बोधन के पश्चात समस्त छात्रध्छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं कार्यालयीन कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया। कार्यक्रम ज्ञानवर्धक और उत्साहजनक रहा। छात्र-छात्राएं रुचि लेते हुए एवं उत्साहित दिखाई पड़े। कार्यक्रम में संस्था के प्रभारी प्राचार्य एनके साहू व्याख्याता बीएल अजगल्ले, आरपी अजय, आरके साहू, सतीश यादव, पीके साहू, श्रीमती ममता आदित्य, प्रधान पाठक आरके नेताम, शिक्षक देवकुमार तोमर, श्रीमती रीना सिदार, व्यावसायिक शिक्षक अशोक कुमार विशाल, कार्यालयीन स्टॉफ एमके ठाकुर, श्रीमती निर्मला खैरवार द्वारा किया गया।

### हरिभूमि

पाठकों के लिए माह अक्टूबर 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 11 दिन | 4.00 | 44.00 |
| 18 दिन | 5.00 | 90.00 |
| 29 दिन, | कुल योग= | 134.00 |

कृपया पाठकगण माह अक्टूबर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 नवंबर 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े
कानों की रिशेपिंग



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## राउरकेला स्टेशन से भारी मात्रा में गांजा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

राउरकेला रेलवे स्टेशन परिसर के पार्सल गोदाम से लगभग 30 लाख रुपए मूल्य का गांजा बरामद किया गया है। यह गांजा राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली भेजा जाना था, लेकिन पुलिस की तत्परता से तस्करों की कोशिश नाकाम हो गई। आज दोपहर करीब 2 बजे राउरकेला जीआरपी रेल पुलिस टीम ने अचानक छापा मारकर दो बड़े बक्सों को जब्त किया जिनमें भारी मात्रा में गांजा पाया गया। बताया गया कि ये दोनों बक्से आज सुबह पार्सल ऑफिस में दिल्ली भेजने के लिए बुक किए गए थे। सरकारी रेलवे पुलिस जीआरपी को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली थी कि जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन से गांजा से भरे इन पार्सलों को दिल्ली भेजने की तैयारी चल रही है। इस गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पार्सल गोदाम पर अचानक छापा मारा और माल बरामद किया। कम समय में करोड़पति बनने का सपना के तहत आजकल की युवा पीढ़ी कम समय और कम मेहनत में करोड़पति बनने का सपना देखती है। इसके लिए वे पसीना बहाए बिना रातोंरात अमीर बनने की कोशिश करते हैं। कम समय में अमीर बनना कोई गलत बात नहीं, लेकिन अनैतिक और गैरकानूनी तरीकों से सफलता पाने की कोशिश अक्सर असफल साबित होती है। इसी सोच के कारण कई युवक नशा तस्करी, साइबर ठगी, बैंक लूट जैसे अपराधों में शामिल हो रहे हैं। कल ही मलकानगिरी जिले के तीन स्थानों से करोड़ों रुपए मूल्य का गांजा जब्त किया गया था, वहीं आज राउरकेला रेलवे स्टेशन से भी भारी मात्रा में गांजा पकड़ा गया है।

## तलईपल्ली परियोजना में सतर्कता शपथ और वाकाथान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एनटीपीसी तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत वाकाथान पैदल मैराथन का आयोजन किया गया। परियोजना के कोशल विहार आवासीय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कर्मचारियों एवं परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सतर्कता एवं ईमानदारी के संदेश को समाज तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख अखिलेश सिंह द्वारा सतर्कता शपथ के साथ की गई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सतर्कता केवल एक सप्ताह तक सीमित न रहकर प्रत्येक कर्मचारी के कार्य और व्यवहार का अभिन्न हिस्सा बननी चाहिए। उन्होंने सभी को अपने कार्यस्थल पर पारदर्शिता, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। आवासीय परिसर में वॉकथॉन के उपरांत, परियोजना के प्रशासनिक भवन में कर्मचारियों, सुरक्षा बलों और संविदाकर्मियों ने सामूहिक रूप से सतर्कता शपथ ली। इस अवसर पर भ्रष्टाचार मुक्त भारत विकसित भारत के संकल्प को दोहराया गया। एनटीपीसी तलईपल्ली परियोजना सदैव ईमानदारी, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों को अपनाते हुए, संगठन और समाज दोनों के सतत विकास की दिशा में अग्रसर है।

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण नं. 1 एजेंसी देना है
आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि की धरमजयगढ़ एवं बाकारूमा में एजेंसी देना है। इच्छुक व्यक्ति रक्षाधन (डिपॉजिट राशि) के साथ संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय
एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के पास, केलो विहार रायगढ़
मो. 7000789166, 9301844932

## अभिनव स्कूल के छात्रों ने किया डाकघर का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



दूर दराज में रहने वाले अपने लोगों के बीच संवाद में बने रहने के लिए डाक घर कभी मूल साधन था और कतिपय तथ्यों में अभी भी डाकघर उपयोगी हैं। हिंदी और अंग्रेजी के विद्यार्थी आज भी चिट्ठी लिखने का अभ्यास करते है जो आज भी प्रासंगिक है। कुछ दशकों से डाक घर के जरिए कई कल्याणकरी योजनाएं चलाई जा रही है इन सभी से रूबरू कराने अभिनव विद्या मंदिर पुसौर अपने विद्यार्थियों को पढ़ाई के अतिरिक्त समय में शैक्षणिक भ्रमण करवाया जो हायर सेकेण्डरी के वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों को प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी के निर्देशन में तथा व्याख्याता संतोष पटेल एवं अभिनव सतपथी के मार्गदर्शन में एवं अभिनव शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष घनश्याम पटेल की उपस्थिति में हुआ। उप डाकपाल सुन्दर चौहान, सहायक प्रियंका साव, ऋतेश सिदार भानुप्रकाश बुधिया द्वारा डाकघर का इतिहास पीपीएफ एमआईएस आरडी खाता वरिष्ठ नागरिक खाता बचत खाता सुकन्या योजना टिकट्स आहरण एवं जमा पर्ची पोस्ट कार्ड आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं छात्रों को संचालक अक्षय कुमार सतपथी ने बताया कि पोस्ट कार्ड, अंतर्देशीय पत्र, रजिस्ट्री पत्र विथ एकनालेजमेंट व बैरंग पत्र के बारे में अलग से जानकारी दिया। चूंकि यह प्रचलन में कम हो गया है। बैरंग पत्र के बारे में बताते हुए कहा कि बैरंग पत्र की राशि पत्र पाने वाले को देना होता है जैसा कि आज सामग्री डिलीवरी के समय होता है।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
हृदय रोग विभाग
(कार्डियोलॉजी/कार्डियक सर्जरी)
• एंजियोग्राफी
• एंजियोप्लास्टी
• पेसमेकर
• बायपास सर्जरी
• वाल्व रिप्लेसमेंट
डे केयर एंजियोग्राफी
डिस्चार्ज मात्र 4 घंटे में
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 11 मई, 14 मई, 18 मई,
21 मई, 25 मई, 28 मई, 01 जून, 04 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 30,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:–7354–411411

स्वामी जी-93406-38884



ज्योतिर्लिंग
16 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, एलोरा गुफा, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)